उत्तराखण्ड वन विकास निगम (यथासंशोधित) अधिनियम, 2011

अरण्य विकास भवन, 73-नेहरू रोड़, देहरादून-248001
website: ukfdc.uk.gov.in, ukfdceauction.in
Email: vanvikas12@gmail.com

उत्तराखण्ड वन विकास निगम

प्रधान कार्यालय – अरण्य विकास भवन, 73 नेहरु रोड, देहरादून

दूरभाष :–0135–2657610, वेबसाईट: ukfdc.uk.gov.in, ukfdceauction.in, **ई–मेल:** vanvikas12@gmail.com

पत्रांक –ई0– 885 /अधिनियम–2011 दिनांक : 23 मई, 2022

सेवा में,

सचिव,
वन एवं पर्यावरण,
उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

विषयः– "उत्तराखण्ड वन विकास निगम (संशोधन) अधिनियम, 2011" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक क्रम में अवगत कराना है कि उत्तराखण्ड शासन के असाधारण राजपत्र में विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग के आदेश संख्या 07/विधायी एवं संसदीय कार्य/2001 दिनांक 17–05–2001 के द्वारा उत्तर प्रदेश वन निगम (उत्तरांचल संशोधन) अधिनियम, 2001 अधिसूचित किया गया तथा उत्तराखण्ड शासन की अधिसूचना संख्या 1738/1–व0आ0.वि0/2001–8(25) 2001, देहरादून दिनांक 01–04–2001 के द्वारा **"उत्तरांचल वन विकास निगम"** का गठन किया गया है।

उत्तराखण्ड शासन के असाधारण राजपत्र में विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग के आदेश सं0 125/XXXVI(3)/2010/30(1)/2011 दिनांक 31–03–2011 के द्वारा **"उत्तराखण्ड वन विकास निगम (संशोधन) अधिनियम, 2011"** (उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 04, वर्ष 2011) अधिसूचित किया गया तथा उत्तराखण्ड शासन के असाधारण राजपत्र में विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग के आदेश सं0 169/XXXVI(3)/2012/25(1)/2012 दिनांक 08 जून 2011 द्वारा (उत्तराखण्ड वन विकास निगम (प्रथम संशोधन) विधेयक, 2012 अधिसूचित किया गया। उत्तराखण्ड शासन द्वारा अधिसूचित सभी संशोधनों को सम्मिलित करते हुए **"उत्तराखण्ड वन विकास निगम (संशोधन) अधिनियम, 2011"** को एतद् द्वारा संकलित कर अध्यावधिक स्वरूप दिया गया है। इसकी हिन्दी एवं अंग्रेजी की 10 प्रति शासन के संज्ञान हेतु प्रेषित है।

संलग्नक – "उत्तराखण्ड वन विकास निगम (संशोधन) अधिनियम, 2011"

23/5/22
(डी0जे0के0 शर्मा)
प्रबन्ध निदेशक

पत्रांकः ई0– 885 / / दिनांकित

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं उक्त की एक–एक प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. सचिव, कार्मिक विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. सचिव, औद्योगिक विकास, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
4. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
5. समस्त महाप्रबन्धक/क्षेत्रीय प्रबन्धक/प्रभागीय प्रबन्धक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम ।
6. समस्त प्रबन्धक/अधिकारी/अनुभाग प्रभारी, उ0व0वि0नि0, मुख्यालय, देहरादून।
7. प्रति – (1) सम्बन्धित पत्रावली (2) गार्डफाईल (3) शिविर पत्रावली (4) आई0टी0सेल को वन निगम की वेब साईट में अपलोड किये जाने हेतु।

संलग्नक– "उत्तराखण्ड वन विकास निगम (संशोधन) अधिनियम, 2011"

23/5/22
(डी0जे0के0 शर्मा)
प्रबन्ध निदेशक

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–1, खण्ड (क)

(उत्तराखण्ड अधिनियम)

देहरादून, बृहस्पतिवार, 31 मार्च, 2011 ई0

उत्तराखण्ड शासन

विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग

संख्या125/XXXVI(3)/2010/30(1)/2011

देहरादून 31 मार्च, 2011 (यथासंशोधित 08 जून 2012)

अधिसूचना

विविध

"भारत का संविधान" के अनुच्छेद 200 के अधीन महामहिम राज्यपाल ने उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा पारित "उत्तराखण्ड वन विकास निगम (संशोधन) विधेयक, 2011 पर दिनांक 29 मार्च, 2011 को अनुमति प्रदान की और वह उत्तराखण्ड का अधिनियम संख्या 04, वर्ष 2011 के रूप में सर्व–साधारण को सूचनार्थ इस अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

उत्तराखण्ड वन विकास निगम (संशोधन) अधिनियम, 2011

(उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 04, वर्ष 2011)

उत्तर प्रदेश वन निगम अधिनियम, 1974 का उत्तराखण्ड राज्य के परिप्रेक्ष्य में अग्रेत्तर संशोधन करने के लिए अधिसूचित।

अधिनियम

भारत गणराज्य के बासठवें वर्ष में उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप से अधिनियमित हो :–

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ 1 (1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड वन विकास निगम (संशोधन) अधिनियम, 2011 है।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगा।

मूल अधिनियम का संशोधन 2 उत्तर प्रदेश वन निगम अधिनियम, 1974 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 4 वर्ष 1975) (उत्तराखण्ड राज्य में यथाप्रवृत्त) में जहाँ–जहाँ शब्द "उत्तरांचल" या "उत्तर प्रदेश" आया है, वहाँ–वहाँ व शब्द "उत्तराखण्ड" रख दिया जायेगा।

व्यावृत्ति 3 ऐसे संशोधन के होते हुए भी मूल अधिनियत के अधीन की गई कोई बात या कार्रवाई इस अधिनियम के तत्स्थानी उपबन्धों के अधीन की गयी समझी जायेगी।

आज्ञा से,

ह0/–

राम सिंह,

प्रमुख सचिव

उत्तराखण्ड वन विकास निगम (संशोधन) अधिनियम, 2011

अध्याय–1 : प्रारम्भिक			
संक्षिप्त नाम विस्तार			
	1.	(1)	यह अधिनियम उत्तराखण्ड वन विकास निगम अधिनियम, 2011 (यथासंशोधित) कहलायेगा।
		(2)	इसका विस्तार सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में होगा।
		(3)	यह ऐसे दिनांक से प्रवृत्त होगा कि राज्य सरकार, गजट में अधिसूचना द्वारा/तदर्थ नियम करें।
परिभाषाएं			
	2.	(1)	इस अधिनियम में, जब तक संन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, –
		(क)	''निगम'' का तात्पर्य धारा 3 के अधीन स्थापित उत्तराखण्ड वन विकास निगम *से है;
		(ख)	''स्थानीय निकाय'' का तात्पर्य किसी नगर महापालिका, म्युनिसिपल बोर्ड, टाउन एरिया कमेटी, जिला परिषद, अन्तरिम जिला परिषद, क्षेत्र समिति अथवा गॉव सभा से है;
		(ग)	''प्रबन्ध निदेशक'' का तात्पर्य धारा 4 की उपधारा (1) के खंड (क) के अधीन नियुक्त निगम के प्रबन्ध निदेशक से है।
		(घ)	''विहित '' का तात्पर्य इस अधिनियम के अधीन बनाये गये नियमों द्वारा विहित से है।
		(ड.)	''विनियम'' का तात्पर्य इस अधिनियम के अधीन बनाये गये विनियमों से है।
		(च)	''राज्य सरकार'' का तात्पर्य उत्तराखण्ड सरकार* से है।
अध्याय–2 : निगम की स्थापना तथा उसका गठन			
निगम की स्थापना			
	3.	क (1)	उत्तराखण्ड राज्य सरकार, गजट में अधिसूचना [1] द्वारा ऐसे दिनांक से जो उसमें विनिर्दिष्ट किया जाएगा, उत्तराखण्ड वन विकास निगम के नाम से एक निगम गठित करेगी।*
		(2)	निगम शाश्वत उत्तराधिकार तथा सामान्य मुद्रा वाला एक निगमित निकाय होगा तथा वह अपने निगमित नाम से वाद प्रस्तुत कर सकेगा तथा उसके विरूद्ध वाद प्रस्तुत किया जा सकेगा और उसे इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए सम्पत्ति अर्जित करने, धारण करने तथा उसका निस्तारण करने की शक्ति होगी।*
		(3)	निगम समस्त प्रयोजनों के लिए स्थानीय प्राधिकारी होगा।*
		(4)	निगम का मुख्यालय नरेन्द्र नगर में होगा तथा उसके कार्यालय ऐसे अन्य स्थानों पर भी हो सकेते हैं जहॉ व आवश्यक समझे।*
		(5)	उत्तराखण्ड वन विकास निगम का कार्यक्षेत्र उत्तराखण्ड का सम्पूर्ण क्षेत्र होगा और अधिसूचना में विनिर्दिष्ट तिथि से, उत्तराखण्ड वन विकास निगम के कार्यक्षेत्र में उत्तर प्रदेश वन निगम न ही कार्य करता रहेगा और न ही कियाशील बना रहेगा। *

* अधिसूचना सं0 07/दिनांक 17–05–2001 द्वारा उत्तर प्रदेश वन निगम अधिनियम 1974 को अंगीकृत किया गया।

[1] उत्तराखण्ड शासन की अधिसूचना सं0 – 1738 दिनांक 01–04–2001 द्वारा गठित।

निगम का गठन

4. (1) निगम में एक अध्यक्ष जिसे राज्य सरकार नियुक्त करेगी तथा निम्नलिखित अन्य सदस्य होंगे अर्थात –

(क) पांच सदस्य जो राज्य सरकार द्वारा अपने अधीन सेवा करने वाले अधिकारियों में से नियुक्त किये जायेंगे, जिनमें से एक को निगम का प्रबन्ध निदेशक नियुक्त किया जायेगा, और

(ख) तीन से अनाधिक अशासकीय सदस्य जो राज्य सरकार द्वारा ऐसे व्यक्तियों में से जिन्हे उसकी राय में वनों के परीरक्षण तथा विकास से सम्बन्धित विषयों का अनुभव हो, नियुक्त किये जायेंगे।

(2) अध्यक्ष तथा अन्य सदस्यों की नियुक्ति गजट में अधिसूचित की जायेगी।

अध्यक्ष तथा अन्य सदस्यों

5. कोई व्यक्ति निगम का अध्यक्ष अथवा अन्य सदस्य नियुक्त किये जाने अथवा होने के लिए अनर्हित होगा; यदि वह–

(क) किसी ऐसे अपराध के लिए सिद्ध-दोष हुआ हो जिसमें सरकार की राय में नैतिक अधमता समन्वित हो; या

(ख) अनुन्योचित दिवालिया हो; या

(ग) ऐसे सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए शारीरिक अथवा मानसिक रूप से असमर्थ हो; या

(घ) राज्य सरकार की राय में निगम सर्वोत्तम हित में कार्य करने में असफल रहा हो अथवा उसके लिए असमर्थ हो गया हो या उसने अध्यक्ष या अन्य सदस्य के रूप में अपने पद का इस प्रकार दुरूपयोग किया हो जिससे कि उसका उस रूप में बना रहना निगम अथवा जन साधारण के हित के लिए हानिकारक हो गया हो; या

(ङ) स्वयं या किसी भागीदार, सेवायोजक या कर्मचारी द्वारा निगम के साथ, उसके द्वारा या उसकी ओर से किसी संविदा या सेवायोजन में प्रत्यक्ष, अथवा अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक या किसी अन्य प्रकार का कोई अंश या हित रखता हो; या

(च) किसी ऐसी कम्पनी का निदेशक, सचिव, प्रबन्धक अथवा अन्य अधिकारी हो जो निगम के साथ, उसके, द्वारा या उसकी ओर से की गई किसी संविदा या सेवायोजन में कोई अंश अथवा हित रखती हो।

प्रतिबन्ध यह है कि खण्ड (ङ) अथवा खंड (च) के अधीन कोई व्यक्ति केवल इस कारण से अनर्ह नहीं होगा कि उसका या उस कम्पनी का, जिसका, वह निदेशक, सचिव, प्रबन्धक अथवा अन्य अधिकारी हों–

(1) किसी स्थावर सम्पत्ति की बिक्री, क्रय उसे पट्टे पर देने या उसके विनिमय अथवा बिक्री, क्रय, पट्टा या विनिमय के लिए किये गये किसी करार में;

(2) धन के ऋण के लिए किसी करार में या केवल धन के भुगतान के लिए किसी प्रतिभूति में;

(3) किसी ऐसे समाचार पत्र में जिसमें निगम के कार्य कलापों के सम्बन्ध में कोई विज्ञापन प्रकाशित किया जाता हो;

(4) निगम को किसी एक वर्ष में दस हजार रूपये से अनाधिक मूल्य तक की किसी ऐसी वस्तु की, जिसमें वह या कम्पनी नियमित रूप से व्यापार करती हो यदा-कदा बिक्री में, कोई अंश या हित है।

स्पष्टीकरण किसी व्यक्ति के बारे में केवल इस कारण से कि वह किसी ऐसे कम्पनी में अंशधारी है जिसका कि ऐसे अंश या हित है, यह नहीं समझा जायेगा कि उसका निगम

के साथ, उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से की गई किसी संविदा या सेवायोजन में कोई अंश या हित है।

अध्यक्ष तथा अशासकीय सदस्यों की पदावधि

6. (1) निगम के अध्यक्ष की, यदि वह राज्य सरकार के अधीन सेवा करने वाला कोई अधिकारी न हो, या किसी अशासकीय सदस्य की पदावधि तीन वर्ष होगी, जब तक कि राज्य सरकार द्वारा उसे गजट में अधिसूचना द्वारा पहले ही समाप्त न कर दिया जाए।

(2) अध्यक्ष या कोई अशासकीय सदस्य किसी भी समय, राज्य सरकार को सम्बोधित स्वहस्ताक्षरित लेख द्वारा अपना पद त्याग कर सकता है और ऐसा त्याग पत्र स्वीकार कर लिए जाने पर यह समझा जायेगा कि उसने अपना पद रिक्त कर दिया है।

आकस्मिक रिक्तियाँ

7. (1) यदि अध्यक्ष या कोई अशासकीय सदस्य आशक्तता के कारण अथवा अन्यथा अपने कर्तव्यों का पालन करने में अस्थायी रूप से असमर्थ हो जाए अथवा उन परिस्थितियों में अनुपस्थित हो तो राज्य सरकार उसके स्थान पर कार्य करने तथा इस अधिनियम के अधीन उसके कृत्यों का निर्वहन करने के लिए किसी अन्य व्यक्ति को नियुक्त कर सकती है।

(2) धारा 6 की उपधारा (2) के अधीन अध्यक्ष या किसी अशासकीय सदस्य के त्याग पत्र पर दिये जाने अथवा किसी अन्य कारण से होने वाली कोई आकस्मिक रिक्ति नई नियुक्ति द्वारा भरी जायेगी और इस प्रकार नियुक्त अध्यक्ष या अशासकीय सदस्य, यथास्थिति, उस अध्यक्ष या अशासकीय सदस्य की, जिसके स्थान पर वह इस प्रकार नियुक्त किया जाए, अवशिष्ट पदावधि के लिए पद धारण करेगा।

निगम के कर्मचारियों की नियुक्ति

8. (1) निगम इस अधिनियम के अधीन अपने कृत्यों का दक्षतापूर्ण निर्वहन करने के लिए ऐसे कर्मचारियों को नियुक्त कर सकता है जिन्हें वह आवश्यक समझे, प्रतिबन्ध यह है कि ऐसे कर्मचारियों की नियुक्ति, जिन्हें राज्य सरकार सामान्य अथवा विशेष आदेश द्वारा विनिर्दिष्ट करें, लोक सेवा आयोग, उत्तराखण्ड के परामर्श से अथवा राज्य सरकार के अनुमोदन से जैसा भी राज्य सरकार निर्देश दे की जायेगी।

(2) निगम, राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन से, केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार या स्थानीय निकाय के किसी कर्मचारी को ऐसे निबन्धों और शर्तों पर जिनके बारे में सहमति हो जाए नियुक्त कर सकता है।

वेतन तथा भत्ते

9. (1) अध्यक्ष तथा अशासकीय सदस्य निगम की निधि में ऐसे यात्रा तथा दैनिक भत्ते पाने के हकदार होंगे जो विनिमयों द्वारा अवधारित किये जायें।

(2) निगम के प्रबन्ध निदेशक तथा अन्य कर्मचारी निगम की निधि से ऐसे वेतन तथा भत्ता पाने के हकदार होंगे और सेवा की ऐसी शर्तों द्वारा नियंत्रित होंगे जो विनिमयों द्वारा अवधारित किये जायें।

प्रबन्ध निदेशक का नियंत्रण

10. निगम के अधीक्षण के अधीन रहते हुए निगम के कर्मचारियों पर सामान्य नियंत्रण प्रबन्ध निदेशक में निहित होगा।

बैठक

11. (1) निगम की बैठक ऐसे समय तथा ऐसे स्थानों पर होगी और वह अपनी बैठकों में कार्य-सम्पादन के सम्बन्ध में प्रक्रिया के ऐसे नियमों का अनुपालन करेगा जो विनियमों द्वारा अवधारित किये जायें।

(2) अध्यक्ष अथवा उसकी अनुपस्थिति में उपस्थित सदस्यों द्वारा अपने में से निर्वाचित निगम का कोई सदस्य, निगम की बैठक की अध्यक्षता करेगा।

(3) निगम की बैठकों में समस्त प्रश्न उपस्थिति और मत देने वाले सदस्यों के बहुमत द्वारा विनिश्चित किये जायेंगे और बराबर-बराबर मत होने की दशा में अध्यक्ष अथवा उसकी अनुपस्थिति में अध्यक्षता करने वाले सदस्य को द्वितीय अथवा निर्णायक मत देने का अधिकार होगा।

(4) अध्यक्ष निगम की किसी विषय में सहायता देने अथवा परामर्श देने के प्रयोजनार्थ किसी व्यक्ति को निगम की बैठक में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित कर सकता है और इस प्रकार आमंत्रित व्यक्ति निगम के विचार-विमर्श में भाग ले सकता है किन्तु उसे मत देने का अधिकार न होगा।

हित के कारण कार्यवाहियों में भाग लेने पर अनर्हता

12. कोई सदस्य, जो निगम की ओर से की गयी अथवा किये जाने के लिए प्रस्थापित किसी संविदा, ऋण, ठहराव अथवा प्रस्थापना से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से संबद्ध अथवा हितबद्ध हो, शीघ्रतम सम्भव अवसर पर निगम को अपने हित का स्वरूप प्रकट करेगा और उसकी किसी भी बैठक में जब कभी ऐसी संविदा, ऋण, ठहराव अथवा प्रस्थापना पर विचार-विमर्श हो, तब तक उपस्थित नहीं होगा जब तक की सूचना प्राप्त करने के प्रयोजनार्थ अन्य सदस्यों द्वारा उसकी अनुपस्थिति की अपेक्षा न की जाए और उपस्थित होने के लिए इस प्रकार अपेक्षित कोई सदस्य किसी ऐसी संविदा, ऋण, ठहराव अथवा प्रस्थापना पर मत नहीं देगा।

रिक्ति आदि के कारण कोई कार्य अविधि मान्य नहीं होगा

13. निगम द्वारा इस अधिनियम के अधीन किया गया कोई कार्य अथवा की गयी कोई कार्यवाही केवल निगम में कोई रिक्ति या उसके गठन में कोई त्रुटि होने के कारण अविधिमान्य नहीं समझी जायेगी।

अध्याय-3, निगम के कृत्य और उसकी शक्तियाँ

निगम के कृत्य

14. इस अधिनियम के उपबन्धों तथा राज्य सरकार के किन्हीं सामान्य अथवा विशेष निर्देशों के अधीन रहते हुए, निगम के निम्नलिखित कृत्य होंगे, अर्थात :-

(क) राज्य सरकार द्वारा उसे सौंपे गये वृक्षों को हटाना और उनका निस्तारण करना तथा वन सम्पदा का विदोहन करना;

(ख) राज्य के भीतर वन विज्ञान से सम्बन्धित परियोजनाऐं तैयार करना;

(ग) वन तथा वन- उत्पाद से सम्बन्धित अनुसंधान कार्यक्रम चलाना और वन विज्ञान के सम्बन्धित मामलों में राज्य सरकार को तकनीकी सलाह देना;

(घ) ऐसे वनों का प्रबन्ध, अनुरक्षण तथा विकास करना जो उसे राज्य सरकार द्वारा अन्तरित किये जायें अथवा सौंपे जायें;

(ड.) ऐसे कृत्यों का निर्वहन करना जिनकी राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर अपेक्षा की जाये।

निगम की शक्तियाँ

15. (1) निगम को, इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन रहते हुए ऐसा कोई भी कार्य करने की शक्ति होगी जो इस अधिनियम के अधीन उसके कृत्यों को कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक अथवा समीचीन हो।

(2) पूर्ववर्ती उपबन्ध की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ऐसी शक्ति के अन्तर्गत निम्नलिखित शक्तियाँ भी होंगी :-

(क) वन के कच्चे माल के प्रसंस्करण के लिए कर्मशालायें अथवा कारखाने स्थापित करना;

(ख) प्रयोगशालाओं और प्रायौगिक तथा अनुसंधान केन्द्रों की स्थापना, अनुरक्षण तथा प्रचालन करना;

(ग) किसी व्यक्ति से ऐसी संविदा अथवा ठहराव करना जिसे निगम इस अधिनियम के अधीन अपने कृत्यों का निर्वहन करने के लिए आवश्यक समझे;

(घ) धन उधार लेना, ऋण-पत्र जारी करना और अपनी निधियों का प्रबन्ध करना; और

(ड.) व्यय करना तथा ऐसे व्यक्तियों को ऋण तथा अग्रिम स्वीकृत करना जिन्हें निगम इस अधिनियम के अधीन अपने कृत्यों का निर्वहन करने के लिए आवश्यक समझे।

निगम की अन्य व्यक्तियों की प्रेरणा पर परियोजनाओं को अपने हाथ में लेने की शक्ति

16. निगम, राज्य सरकार के अनुरोध पर अथवा, राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन से किसी अन्य व्यक्ति से अनुरोध पर, किसी वनरोपण परियोजना के निष्पादन को, ऐसे निबन्धनों तथा शर्तों पर, जिसके बारे में सहमति हो जाए, अपने हाथ में ले सकता है।

अध्याय-4 : वित्त लेखे तथा लेखा परीक्षा

निगम की निधि

17. (1) निगम की अपनी निधि होगी जो स्थानीय निधि होगी और जिसमें निगम द्वारा अथवा उसकी ओर से प्राप्त समस्त धन जमा किया जाएगा।

(2) निधि का प्रयोग इस अधिनियम के अधीन निगम द्वारा अपने कृत्यों का निर्वहन करने में उपगत व्यय को पूरा करने में किया जायेगा और किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा।

(3) निधि की धनराशि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अथवा उत्तराखण्ड प्रदेश सहकारी बैंक या किसी अनुसूचित बैंक में रखी जायेगी :

प्रतिबन्ध यह है कि इस उपधारा की कोई बात निगम को ऐसी नगद धनराशि रखने से जो चालू भुगतान के लिये आवश्यक हो, अथवा निधि के किसी भाग को जो तुरन्त व्यय करने के लिए अपेक्षित न हो, भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 की धारा 20 में वर्णित किन्हीं प्रतिभूतियों में विनिहित करने से प्रचारित करने वाली न समझी जायेगी।

निगम की उधार लेने की शक्ति

18. (1) निगम, समय-समय पर राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से तथा इस अधिनियम के उपबन्धों और ऐसी शर्तों के जिन्हें राज्य सरकार का समान्य अथवा विशेष आदेशों द्वारा अवधारित करे, अधीन रहते हुए इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए अपेक्षित कोई धनराशि या तो बन्ध-पत्र या निधि पत्र जारी करके या अन्य प्रकार से या बैंकरों से ठहराव करके उधार ले सकता है।

(2) इस धारा के अधीन निगम द्वारा जारी किया गया निधि पत्र ऐसी रीति से जारी या अन्तरिम किया जायेगा, अथवा ऐसी रीति से उसके सम्बन्ध में कार्यवाही की जायेगी या उसे योजित किया जायेगा जो राज्य सरकार सामान्य अथवा विशेष ओदश द्वारा निर्देशित करें।

निगम को वित्तीय सहायता

19. राज्य सरकार, राज्य विधान मंडल के सम्यक विधीय विनियोजन के पश्चात् समय-समय पर इस अधिनियम के प्रयोजनार्थ वित्तीय सहायता ऐसे निबन्धनों तथा शर्तों पर जिन्हें राज्य सरकार अवधारित कर सकती हैं।

निगम को ऋण

20. राज्य सरकार, समय-समय पर इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए ऐसे निबन्धनों तथा शर्तों पर जिन्हें वह अवधारित करे निगम को ऋण दे सकती है।

ऋणों का प्रतिसंदाय

21. (1) निगम अपने द्वारा लिये गये किसी ऋण के प्रतिसंदाय के प्रयोजनार्थ ऐसी रीति से जो विहित की जाए, एक निक्षेप निधि स्थापित करेगा।

(2) निक्षेप निधि, ऐसी रीति से जो विहित की जाए, अनुरक्षित तथा विनियोजित की जायेगी और उपयोग में लायी जायेगी।

बजट

22. निगम प्रत्येक वर्ष ऐसे प्रपत्र में तथा ऐसे समय पर, जैसा राज्य सरकार निर्देश दे, आगामी वित्तीय वर्ष के संबंध में बजट तैयार करेगा जिसमें निगम की अनुमानित प्राप्तियाँ तथा व्यय दर्शित किए जायेंगे।

लेखे तथा लेखा परीक्षा

23. (1) निगम उचित लेखे रखेगा और लेखे का वार्षिक विवरण जिसके अन्तर्गत-तुलन पत्र भी है, ऐसे प्रपत्र में तैयार करेगा जैसा कि राज्य सरकार निर्देश दे।

(2) निगम के लेखे प्रतिवर्ष भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी भी व्यक्ति द्वारा परीक्षित किए जायेंगे और ऐसी लेखा परीक्षा में उसके द्वारा उपगत कोई व्यय निगम द्वारा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति को देय होगा।**

(3) भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक अथवा निगम के लेखों की लेखा परीक्षा करने के संबंध में उसके द्वारा प्राधिकृत किसी भी व्यक्ति को ऐसी लेखा परीक्षा के सम्बन्ध में वही अधिकार, विशेषाधिकार तथा प्राधिकार होंगे, जो किसी संगठन के लेखों की लेखा की लेखा परीक्षा के संबंध में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के होते हैं और विशिष्टया, उसे बहियाँ, लेखे, सम्बद्ध बाउचर तथा अन्य दस्तावेज़ों और पत्रादि प्रस्तुत किये जाने की मांग करने तथा निगम के कार्यालय का निरीक्षण करने का अधिकार होगा।**

(4) भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक अथवा उसके द्वारा एतदर्थ प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा यथाप्रमाणित निगम के लेखे तद्विषयक लेखा परीक्षा रिपोर्ट सहित राज्य सरकार को प्रतिवर्ष भेजे जायेंगे।**

(5) राज्य सरकार

(क) उपधारा (4) के अधीन प्राप्त निगम के लेखे और उनके संबंध में लेखा परीक्षा प्रतिवेदन प्रतिवर्ष राज्य विधान सभा मंडल के प्रत्येक सदन के समक्ष रखवायेगी; और

(ख) निगम के लेखे को नियत रीति से प्रकाशित करवायेगी तथा उचित मूल्य पर बिक्री के लिए उसकी प्रतिलिपियों को उपलब्ध करायेगी।

24. (1) निगम का अध्यक्ष, प्रबन्ध निदेशक, कोई अन्य सदस्य या कोई कर्मचारी निगम के किसी धन या सम्पत्ति की हानि, दुर्व्यय अथवा दुरूपयोजन के लिए अधिभार का उत्तरदायी होगा, यदि ऐसी हानि, दुर्व्यय या दुरूपयोजन ऐसे अध्यक्ष, प्रबन्ध निदेशक या अन्य सदस्य या कर्मचारी के रूप में काम करते हुए उसकी उपेक्षा या दुराचरण का सीधा परिणाम हो।

(2) अधिभार की प्रक्रिया ऐसी होगी जो विहित की जाए।

** अधिसूचना सं0 169/दिनांक 08-06-2012 द्वारा संशोधित

(3) कोई धनराशि जो ऐसी हानि, दुर्व्यय या दुरूपयोजन में, अधिभार की प्रक्रियाओं के परिणामस्वरूप अन्तग्रस्त पायी जाय, भू-राजस्व के बकाया के रूप में वसूल की जा सकती है।

(4) उपधारा (3) को कोई बात निगम की इस बात का निवारित नहीं करेगी कि वह उसमें निर्दिष्ट धनराशि की, यथास्थिति, अध्यक्ष, प्रबन्ध निदेशक या अन्य सदस्य या कर्मचारी को निगम द्वारा देय किसी धनराशि में से कटौती कर ले।

अध्याय-5 : बाह्य नियंत्रण

नीति विषयक प्रश्नों पर निर्देश

25. (1) इस अधिनियम के अधीन अपने कृत्यों का निर्वहन करने में निगम नीति प्रश्नों पर ऐसे निर्देशों द्वारा मार्ग-दर्शित होगा जो उसे, राज्य सरकार द्वारा दिए जायें।

(2) यदि कोई ऐसा प्रश्न उठे कि कोई विषय ऐसा है या नहीं जिसके सम्बन्ध में राज्य सरकार उपधारा (1) के अधीन निर्देश जारी कर सकती है तो उस पर राज्य सरकार का विनिश्चय अन्तिम होगा।

वार्षिक रिपोर्ट

26. (1) निगम, प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र ऐसे दिनांक के पूर्व तथा ऐसे प्रपत्र में जैसा राज्य सरकार निर्देश दे, एक रिपोर्ट जिसमें पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान किये गये अपने कार्यकलापों का लेखा-जोखा दिया जाएगा, तैयार करेगा और उसे राज्य को प्रस्तुत करेगा और ऐसी रिपोर्ट में ऐसे कार्यकलापों का भी, यदि कोई हो, लेखा दिया जाएगा जिन्हें आगामी वित्तीय वर्ष में निगम द्वारा हाथ में लिये जाने की संभावना हो और राज्य सरकार ऐसी रिपोर्ट के प्राप्त होने के पश्चात उसे यथाशक्य शीघ्र, राज्य विधान मण्डल के प्रत्येक सदन के समक्ष रखवायेगी।

(2) निगम राज्य सरकार को ऐसे समय पर और ऐसे प्रपत्र में तथा ऐसी रीति से जैसा राज्य सरकार निर्देश दे ऐसे आँकड़े तथा विवरणियाँ और निगम के किसी प्रस्थापित या वर्तमान कार्यकलापों अथवा निगम के नियंत्रणाधीन किसी अन्य विषय के सम्बन्ध में ऐसी विशिष्टियाँ जिनकी राज्य सरकार समय-समय पर अपेक्षा करे, प्रस्तुत करेगा।

अध्याय-6 : प्रकीर्ण

स्थानीय निकाय, निगम को सहायता देंगे

27. (1) प्रत्येक स्थानीय निकाय, निगम को ऐसी सहायता देगा और ऐसी सूचना प्रस्तुत करेंगे और उसके निरीक्षण तथा परीक्षण के लिए ऐसे अभिलेख, मानचित्र, रेखांक तथा अन्य दस्तावेज़ उपलब्ध करेगा जिनकी वह इस अधिनियम के अधीन अपने कृत्यों का निर्वहन करने के सम्बन्ध में अपेक्षा करें।

(2) तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में किसी बात के होते हुए भी राज्य सरकार किसी स्थानीय निकाय को ऐसे निर्देश दे सकती है जो उसकी राय में निगम को इस अधिनियम के अधीन अपने कृत्यों का निर्वहन करने में समर्थ बनाने के लिए आवश्यक अथवा समीचीन हो और तदोपरान्त ऐसे निर्देशों का पालन करना उस स्थानीय निकाय का कर्तव्य होगा।

सद्भाव पूर्ण की गई कार्यवाही के लिए संरक्षण

28. कोई वाद, अभियोजन अथवा विधिक कार्यवाही राज्य सरकार या निगम या उसके अध्यक्ष, प्रबन्ध निदेशक या किसी अन्य अथवा राज्य सरकार या निगम के किसी कर्मचारी के विरूद्ध किसी ऐसे कार्य के लिए नहीं की जा सकेगी जो इस अधिनियम अथवा इसके

अन्तर्गत बनाये गये किसी नियम के अधीन सद्भावना से किया गया हो अथवा किये जाने के लिए आशयित हो।

सदस्य आदि लोक सेवक समझे जायेंगे

29. निगम का अध्यक्ष, प्रबन्ध निदेशक तथा अन्य सदस्य और कर्मचारी जब वे इस अधिनियम के किसी उपबन्ध के अनुसरण में कार्य कर रहें हों जब उनका ऐसे कार्य करना तात्पर्यित हो, भारतीय दण्ड संहिता की धारा 21 के अर्थान्तर्गत लोक सेवक समझे जायेंगे

निगम की कार्यवाहियों आदेशों तथा अन्य लिखितों का अधिप्रमाणीकरण

30. निगम की समस्त कार्यवाहियाँ, यथास्थिति, अध्यक्ष अथवा उनकी अनुपस्थिति में, निगम की बैठक की अध्यक्षता करने वाले सदस्य के हस्ताक्षर से अधिप्रमाणीकृत की जायेगी और निगम द्वारा जारी किये गये सभी आदेश तथा अन्य लिखित निगम के ऐसे कर्मचारी के जो उसके द्वारा तदर्थ प्राधिकृत किया जाय, हस्ताक्षर से अधिप्रमाणीकृत किये जायेंगे।

शक्तियों का प्रत्यायोजन

31. (1) इस अधिनियम तथा तद्धीन बनाये गये नियमों के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, राज्य सरकार सामान्य अथवा विशेष आदेश द्वारा, या तो बिना शर्त के अथवा ऐसी शर्तों के अधीन, जिसके अन्तर्गत अपने द्वारा पुनर्विलोकन की शर्त भी है, जो आदेश में विनिर्दिष्ट किए जाये, भारतीय वन अधिनियम, 1927 अथवा तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन अपनी ऐसी शक्तियों तथा कर्तव्यों को, जिन्हें वह आवश्यक समझे, निगम को प्रत्यायोजित कर सकती है।

(2) इस अधिनियम तथा तद्धीन बनाये गये नियमों के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, राज्य सरकार सामान्य अथवा विशेष आदेश द्वारा, या तो बिना शर्त के अथवा ऐसी शर्तों के अधीन, जिसके अन्तर्गत अपने द्वारा पुनर्विलोकन की शर्त भी है, जो आदेश में विनिर्दिष्ट की जाये, अपनी ऐसी शक्तियों तथा कर्तव्यों को जो उपधारा–1 के अधीन उसे प्रत्यायोजित शक्तियाँ न हो और जिन्हें वह आवश्यक समझे निगम के अध्यक्ष अथवा प्रबन्ध निदेशक या किसी अन्य सदस्य अथवा कर्मचारियों को प्रत्यायोजित कर सकता है।

32. राज्य सरकार, भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 72 के अधीन वन अधिकारी की समस्त अथवा कोई शक्ति निगम के प्रबन्ध निदेशक अथवा किसी भी कर्मचारी को विनिहित कर सकती है और ऐसी शक्ति के सम्बन्ध में प्रबन्ध निदेशक या ऐसा कर्मचारी भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 2 के खण्ड (2) के अन्तर्गत वनाधिकारी समझा जायेगा।

नियम बनाने की शक्ति

33. (1) राज्य सरकार, गजट में अधिसूचना द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिये नियम बना सकती है।

(2) विशिष्टतः और पूर्ववर्ती शक्ति को व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे नियमों में निम्नलिखित सभी या किसी विषय की व्यवस्था की जा सकती है, अर्थातः–

(क) वह रीति, जिसके अनुसार धारा 21 के अधीन निक्षेप निधि स्थापित, अनुरक्षित और विनियोजित की जायेगी तथा उपयोग में लाई जायेगी;

(ख) धारा 24 के अधीन अधिभार के सम्बन्ध में प्रक्रिया जिसके अन्तर्गत उसके सम्बन्ध में अपील की व्यवस्था, यदि कोई हो, भी हो;

(ग) कोई अन्य विषय जिसे विहित किया जाता हो या जो विहित किया जाय।

(3) इस अधिनियम के अधीन बनाये गये सभी नियम बनाये जाने के पश्चात्, यथाशक्य शीघ्र, राज्य विधान सभा मण्डल दल के प्रत्येक सदन के समक्ष, जबकि उसका सत्र हो रहा हो, कम से कम कुल 30 दिन की अवधि पर्यन्त, जो एक सत्र या एक से अधिक आनुक्रमिक सत्रों में विस्तारित हो सकती है, रखे जायेंगे और जब तक की कोई वाद का दिनांक नियत

न किया जाय, गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से ऐसे परिष्कारों या अभिशून्यनों के अधीन रहते हुए प्रभावी होंगे, जो विधान सभा मण्डल उक्त निधि में करने के लिये सहमत हों, किन्तु इस प्रकार का कोई परिष्कार या अभिशून्यन सम्बद्ध नियम के अधीन पहले की गई किसी बात की वैधता पर प्रतिकूल प्रभाव न डालेगा।

विनियम

34. (1) निगम, राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन से, निगम के शासन के लिए ऐसे विनियम सकता है, जो इस अधिनियम तथा तद्धीन बनाए गए नियमों से असंगत न हो।

(2) विशिष्टतः और पूर्ववर्ती शक्ति के व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे विनियमों में निम्नलिखित सभी या किसी विषय की व्यवस्था की जा सकती है, अर्थात –

(क) निगम के प्रबन्ध निदेशक और कर्मचारियों के वेतन तथा भत्ते और सेवा की शर्तें, तथा अध्यक्ष तथा शासकीय सदस्यों को दिये जाने वाला यात्रा तथा दैनिक भत्ता;

(ख) निगम की बैठकों का समय तथा स्थान और बैठकों में कार्य सम्पादन के सम्बन्ध में प्रक्रिया के नियम;

(ग) कोई अन्य विषय जिसके लिये विनियमों में व्यवस्था की जानी हो या की जा रही हो।

निरसन तथा अपवाद

35. (1) उत्तर प्रदेश वन निगम (उत्तराखण्ड संशोधन) अध्यादेश, 2001 एतद् निरसित किया जाता है।

(2) ऐसे निरसन के होते हुए भी उक्त अध्यादेश के अधीन किया गया कोई कार्य या की गयी कोई कार्यवाही इस अधिनियम के अधीन किया गया कार्य या की गयी कार्यवाही ही समझी जायेगी मानो यह अधिनियम 03 मार्च, 2001 को प्रवृत्त हो गया था।

(**उत्तराखण्ड अध्यादेश संख्या 01 वर्ष 2001.**)

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the constitution of India, the Governer is pleased to order the publication of the following English translation "The Uttarakhand Forest Development Corporation (Amendment) Act, 2011" (Adhiniyam Sankhya 04 of 2011) :

As passed by the Uttarakhand Legislative Assembly and assented to by the Governor on March 29, 2011.

No.125/xxxvi (3)/2010/30(1)/2011
Dated Dehradun, March 31, 2011

Notification

Miscellaneous

THE UTTARAKHAND FOREST DEVELOPMENT CORPORATION (AMENDENT) ACT, 2011"
(Uttarakhand ACT No. 04 OF 2011)

To Further amend the Uttar Pradesh Forest Corporation Act, 1974, to the context of State of Uttarakhand

AN
ACT

Be it enacted by the Uttarakhand Legislative Assembly in the Sixty-Second year of the Republic of India as follows: -

Short title and commencement	1.	(1)	This Act may be called the Uttarakhand Forest Development Corporation (Amendment) Act, 2011.
		(2)	It Shall come into force at once.
Amendment of Principal Act	2.		In the Uttar Pradesh Forest Development Act, 1974, (Uttar Pradesh Act No. 4 0f 1975) (As applicable to the State of Uttarakhand), the words "Uttaranchal" or "Uttar Pradesh" wherever occurs, the words "Uttarakhand" shall be substituted.
Saving	3.		Notwithstanding such amendement anything done or any action taken under the principal Act shall be deemed to have been done or taken under the corresponding provisions of this Act.

By order,
sd/-
RAM SINGH
Principal Secretary

THE UTTARAKHAND FOREST DEVELOPMENT CORPORATION (Amendment) ACT, 2011

CHAPTER I: PRELIMINARY

Short Title, Extent And Commencement			
	1.	(1)	This Act may be called the Uttarakhand Forest Development Corporation (Amendment) Act, 2011
		(2)	It extends to the whole of Uttarakhand State.
		(3)	It shall come into force on such date as the State Government may, by Notification[1] in the Gazette, appoint in this behalf.
Definitions.			
	2.	(1)	In this Act, unless the context otherwise requires-
		(a)	"Corporation" means the Uttarakhand Forest Development Corporation established under section 3; *
		(b)	"local body" means a Nagar Mahapalika, Municipal Board, Town Area Committee, Notified Area committee, Zila Parishad, Antarim Zila Parishad, Kshetra Samiti or Gaon Sabha;
		(c)	"Managing Director" means the Managing Director of the Corporation appointed under clause (a) of sub-section (1) of section 4;
		(d)	"prescribed" means prescribed by rules made under this Act;
		(e)	"regulations" means regulations made under this Act;
		(f)	"State Government" means the Government of Uttarakhand State *.
CHAPTER – II : ESTABLISHMENT AND CONSTITUTION OF THE CORPORATION			
Establishment Of The Corporation.			
	3.	A (1)	The State Government of Uttarakhand shall, by notification[1] in the Gazette and with effect from the date to be specified therein, constitute a Corporation by the name of Uttarakhand Forest Development Corporation. *
		(2)	The Corporation shall be a body corporate having perpetual succession and a common seal and may sue and be sued in its corporate name and shall have the power to acquire, hold and dispose of property for the purpose of this Act.*
		(3)	The Corporation shall for all purposes be a local authority.*
		(4)	The Corporation shall have its head office at Narendranagar and may have offices at such places as it may consider necessary. *
		(5)	The area of operation of the Uttarakhand Forest Development Corporation shall be the entire territory of State of Uttarakhand, in respect of which the Uttar Pradesh Forest Corporation will cease to function and operate with effect from the date the Uttarakhand Forest Development Corporation is notified in the gazette.*
Constitution Of The Corporation.			
	4.	(1)	The Corporation shall consist of a Chairman, to be appointed by the State Government and the following other members, namely:
		(a)	five members to be appointed by the State Government from amongst the officers serving under it, one of whom shall be appointed as the Managing Director of the Corporation; and

*** By Notification No. 07/dated 17-05-2001, the Uttar Pradesh Forest Corporation Act, 1974 was adopted.**

1- Constituted by Notification no. 1738/dated 01-04-2001

		(b)	not more than three non-official members to be appointed by the State Government from amongst the persons who in its opinion possess experience in maters relating to preservation and development of forests.
		(2)	The appointment of the Chairman and other members shall be notified in the Gazette.
Disqualifications For Being Chairman Or Other Member.			
	5.		A person shall be disqualified to be appointed as, and for being the Chairman or other member of the Corporation, if he-
		(a)	has been convicted of an offence which in the opinion of the State Government involved moral turpitude; or
		(b)	is an undischarged insolvent; or
		(c)	is physically or mentally incapable of acting as such member; or
		(d)	in the opinion of the State Government has failed to act or has become incapable of acting in the best interests of the Corporation or has so abused his position as the Chairman or other member, as to render his continuance as such detrimental to the interests of the Corporation or the general public; or
		(e)	has directly or indirectly by himself or by any partner, employer or employee has any share or interest, whether pecuniary or of any other nature, in any contract or employment, with, by, or on behalf of the Corporation; or
		(f)	is a director, secretary, manager or other officer of any company which has any share or interest in any contract or employment with by, or on behalf of the Corporation: Provided that a person shall not be disqualified under clause (e) or clause (f) by reason only of his or the company in which he is a director, secretary, manager or other officer having a share or interest in -
		(i)	any sale, purchase, lease or exchange of immovable property or any agreement for the same;
		(ii)	any agreement for loan of money, or any security for payment or money only;
		(iii)	any newspaper in which any advertisement relating to the affairs of the Corporation is published;
		(iv)	an occasional sale to the Corporation upto a value not exceeding ten thousand rupees in any year, of any article in which he or his company regularly trades. **Explanation – A person shall not be deemed to have to any share or interest in any contract or employment with, by or on behalf of the Corporation by reason only of his being a share-holder of the company which has such share or interest.**
Term of Office of the Chairman or non-official members.			
	6.	**(1)**	The term of the office of the Chairman, if he is not an officer serving under the State Government, or of a non-official member of the Corporation shall be three years unless it is determined earlier by the State Government by notification in the Gazette.
		(2)	The Chairman or a non-official member of the Corporation may at any time, by writing under his hand addressed to the State Government, resign his office and on such resignation being accepted, he shall be deemed to have vacated his office.

Casual Vacancy			
	7.	**(1)**	If the Chairman or any non-official member is , by infirmity or otherwise, rendered temporarily incapable of carrying his duty or is absent otherwise, in circumstances not involving the vacation of his appointment, the State Government may appoint another person to officiate for him and to carry out his functions under this Act.
		(2)	A casual vacancy created by the resignation of the Chairman or any non-official member under sub-section (2) of section 6 or for any other reason shall be filled by fresh appointment and the Chairman or non-official members so appointed shall hold office for the remainder of the term of the Chairman or, as the case may be, for the non-official member in whose place he is so appointed.
Appointment of Employees of the Corporation.			
